**खबर संक्षेप**

### भूली प्रभावितों ने फिर फिर उठाई समस्याएं

**पांढुर्ना।** आज भूली जलाशय से प्रभावित निर्माण से प्रभावित होने जा रहे किसानों ने फिर एक बार अपनी समस्याएं उठाई। किसानों ने भूली जलाशय संघर्ष समिति बैनर तले प्रधानमंत्री के नाम का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। इस ज्ञापन में भूली के किसानों बाबत राजस्व रिकार्ड में जो त्रुटियां है उसे सुधारा जाए, किसानों की वास्तविक जानकारी शासन को प्रदान की जाए, जिन किसानों की थोडी जमीन बच रही है उन्हें वहां खेती-सिंचाई करने के लिए आवागमन करने के उद्देश्य से पक्का रास्ता बनाकर दिया जाए, किसानों के विस्थापन और पुनर्वसन हेतु मोरडोंगरी हाईवे किनारे पुनर्वसन कराया जाए तथा जलाशय प्रभावित किसानों को मोरडोंगरी गाईडलाईन के हिसाब से सभी को एक जैसा मुआवजा दिया जाए इन मुद्दों का उल्लेख किया गया है।

### सीसीटीवी फुटेज में दिखा दर्दनाक मंजर, पांढुर्णा थाने में पदस्थ थे सौरभ राजपूत

# मोबाइल से बात करते समय हुआ हादसा तेज रफ्तार कार की चपेट में आए एएसआई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



मोबाइल पर बात करते हुए रोड पार करना एएसआई सौरभ राजपूत को महंगा पड़ गया। उनकी यह नादानी से उनकी जान चली गई। कार चालक के पास इतना समय भी नहीं था कि वह ब्रेक लगाकर बचाने की कोशिश करता। एक छोटी सी गलती उनके जीवन की आखिरी गलती बन गई।

कोतवाली थाना क्षेत्र के चंदनगांव के सतीजा पेट्रोल पंप के समीप रविवार की रात करीब 10 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में पांढुर्ना में पदस्थ एएसआई सौरभ राजपूत की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि वह घटना के समय वह अपने दोस्तों के साथ होटल से डिनर कर बाहर निकल रहे थे। यह घटना सड़क हादसे में कैद हो गई है।

जानकारी अनुसार सौरव राजपूत उम्र 30 साल श्रीवास्तव कालोनी के रहने वाले है। वह रविवार को अपने दोस्तों के साथ नागपुर रोड स्थित होटल में डिनर करने गए थे। डिनर करने के बाद दोस्तों के साथ बाहर निकले। तभी उनके दोस्त बाइक में पेट्रोल डलवाने पेट्रोल पंप गए। इस दौरान सौरभ सड़क पार कर रहे थे। तभी कुछ लोगों को उन्होंने रोड की दूसरी तरफ सांप मारते हुए देखा तो रुक गए। सौरभ भी सड़क पार कर देखने जा रहे थे। डिवाइडर से जैसे ही नीचे उतरे ही थे कि नागपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। इस टक्कर में एएसआई करीब 15 फिट दूर जाकर गिरे। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय लोगों ने तुरंत सौरभ को जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और निरीक्षक आशीष कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी कार चालक को जल्द पकड़ लिया जाएगा।

**तीन साल की है बेटी**

मृतक सौरभ राजपूत (30 वर्ष) अपने पीछे पत्नी, मां-पिता, बड़ा भाई और तीन साल की बेटी छोड़ गए हैं। बड़ा भाई जालंधर में भारतीय वायुसेना में कार्यरत है और घटना की सूचना मिलते ही वह छिंदवाड़ा के लिए रवाना हो गया। पूरे परिवार में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और सीसीटीवी फुटेज से फरार वाहन की तलाश तेज कर दी गई है।

### पुलिस ने आरोपियों पर दर्ज किया मामला

# कॉपर तार और केबल चुराने वाले तीन भाई पुलिस गिरफ्त में



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

यहां पुलिस ने आज 3 भाईयों को कॉपर तार और केबल चोरियों की वारदातों को अंजाम देने के आरोप में धर दबोचा है। पुलिस ने बताया कि नीतिन पिता दिलीप विश्वकर्मा ग्राम कोसनी जिला बैतुल और आकाश विश्वकर्मा निवासी जामठी यह दोनों सगे भाई और तीसरा आरोपी इनका ममेरा भाई निवासी सतपुडा आईटीआई के करीब यह संयुक्त रूप से निर्माणाधीन मकानों की रैकी किया करते थे। इसके बाद चोरियों की वारदात को अंजाम देते थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 12 अप्रैल को नगर में केकतपुरे कॉम्पलेक्स में डॉ. विनीत श्रीवास्तव के निर्माणाधीन अस्पताल से उक्त तीनों आरोपियों ने फिनोलेक्स कॉपर वायर के बंडल, कॉपर के पाईप और अन्य मूल्यवान सामग्री की चोरी की थी। गत 20 अगस्त को आरोपियों ने जवाहर वार्ड निवासी शिवम पिता चंद्रकांत डवरे के बन रहे गोदाम इलेक्ट्रिक कॉपर वायर के 5 बंडल तथा ड्रील मशीन चोरी किया था। पुलिस उक्त आरोपियों से चोरी हुई काफी सामग्री बरामद कर ली है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपियों के विरूद्ध नागपुर, अमरावती, अचलपुर, भोपाल और बैतुल में चोरी के प्रकरण दर्ज है। इन चोरों को धर दबोचने थाना प्रभारी अजय मरकाम के नेतृत्व में एएसआय देवेंद्र कुमरे, प्रआ. राकेश चौरासे, आ. अशोक हरसूले, आ. शिवअवतार सिंह, आ. शिवकुमार, आ. ओमवीर जाट, आ. सुरेंद्र परानी तथ विनीता धुर्वे ने सक्रिय भूमिका निभाई है।

# हिंदी राष्ट्र निर्माण की बौध्दिक सामर्थ्य की सांस्कृतिक विरासत है: डॉ. हरीश




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

म.प्र. राष्ट्रभाषा प्रचार समिति छिंदवाड़ा इकाई द्वारा आयोजित 21वीं जिला स्तरीय प्रतिभा प्रोत्साहन प्रतियोगिता गत दिवस शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत लगभग 20 शालाओं के 150 से अधिक विद्यार्थियों ने काव्य पाठ प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, एकल लोकगीत गायन प्रतियोगिता और चित्रांकन से शब्दांकन प्रतियोगिता में सहभागिता की जिसमें से सभी वर्गों में विजेता विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार के रूप में समिति द्वारा नगद राशि, प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र वितरित करने के साथ ही सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आकाशवाणी छिंदवाड़ा के पूर्व निदेशक डॉ. हरीश पाराशर रिशु थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार श्री सुरेन्द्र वर्मा ने की। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल विशेष अतिथि और डॉ.अमरसिंह व जी.एस.कॉलेज नागपुर से पधारे प्रो. हर्षद घाटोले विशेष अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित थे। समिति के अध्यक्ष श्री गोवर्धन यादव के मार्गदर्शन में संपन्न इस कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ साहित्यकार श्री ओमप्रकाश ₹नयन₹ के साथ ही श्री आलोक यादव व श्रीमती शैली यादव ने किया। इस अवसर पर आकाशवाणी छिंदवाड़ा के पूर्व निदेशक डॉ. हरीश पाराशर रिशु ने कहा कि हिंदी में राष्ट्र निर्माण की बौध्दिक सामर्थ्य की सांस्कृतिक विरासत समाहित है। हिंदी भारतीयता के आदर्शों, मूल्यों व मातृभूमि पर फ़िदा होने के संस्कारों की संवाहिका है। कार्यक्रम अध्यक्ष व वरिष्ठ साहित्यकार श्री सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि यदि हमारे पास हमारी मातृभाषा नहीं है तो हम गरीबऔर कमजोर हैं तथा कमज़ोरों का ही दिवस मनाया जाता है, इसलिए हमें भी प्रतिवर्ष हिंदी दिवस मनाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मातृभाषा हिंदी में ऐसी सभी विशेषताएं हैं जिसका उपयोग कर हम अपनी मंज़िल तक पहुंच सकते हैं। अब हिंदी एक समृध्द भाषा है और इसे कोई भी सीख सकता है। उन्होंने कहा कि हिंदी स्वराज स्थापना का आधार, आत्मनिर्भर भारत बनाने की मंत्रशक्ति व आत्मविश्वास की पोषक है। विशेष अतिथि और जिला शिक्षा अधिकारी श्री बघेल ने कहा कि हमें सभी भाषाओं का ज्ञान होना चाहिए।

# किसान संघ किसानों की समस्याओं के लिए आया आगे



**सौंसर।** सोमवार को भारतीय किसान संघकी ओर से ज्ञापन सोपते हुए किसानों की समस्याओं से अवगत किया गया।सौसर प्रशासन को सोपेगए ज्ञापन में बताया कि लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती की जा रही है जिसके चलते किसानों एवं ग्रामीणों को परेशानी हो रही हैकपास खरेदी में सही मापदंड अपनाकर और नई कपास जांच करने वाली मशीन लगाकर किसानों के साथ नमी के नाम पर जो कपास खरेदी में धोखा बेईमानी की जाती है उसे पर प्रशासन के द्वारा रोक लगनी चाहिए।सोयाबीन मक्का ज्वार को समर्थन मुल्य पर खरेदी शुरू कि जाएं। नहरों कि रबि फसल बोने पुर्व साफ सफाई होनी चाहिए।जिन किसानों के मुंग खरेदी होने के पश्चात भुगतान नहीं हुआ उन्हें जल्द से जल्द भुगतान मिलना चाहिए, इस दौरान भारतीय किसान संघ जिला उपाध्यक्ष रविशंकर धुर्वे,अंगत सिंग,दिपक कुल्हाड़े, दिनेश भकने एड, सुर्यकांत ढोके,आशीष पराड़कर, तहसील मंत्री पवन जी हिगवे, सागर पराड़कर,तिलक डोंगरे गजानन हिंगवे,शरिफ मंसुरी आदि थे।

### पसरे अतिक्रमण पर दमुआ नपा का ध्यान नहीं

**दमुआः** न.पा.प दमुआ के वार्ड न. 13 बोरिंग मोहल्ला में शासकीय कर्मचारी आंगनवाडी कार्यकर्ता महारानी सूर्यवंशी द्वारा न.पा. की सी.सी. रोड एवं नाली पर अतिक्रमण करके बाउन्ड्रीवाल का निर्माण किया गया जिससे आपात कालीन स्थिति में एम्बुलेंस, अग्निशमन वाहन आदि नही निकल पायेगें जिसकी शिकायत दमुआ के गणमान्य नागरिक चिरोंजी बिहारे द्वारा न.पा.प. दमुआ में किये जाने के उपरान्त भी आज दिनांक तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नही किया जाना खेद का विषय है ऐसे स्थिति में अन्य लोगो के द्वारा भी अतिक्रमण कर निर्माण किये जाने की पूर्ण सम्भावना बनी हुई है।

# लोहा सीमेंट लेने गया, फिर नहीं आया वापस

**परासिया :-** शनिवार को घर से लोहा सीमेंट लेने निकला व्यक्ति वापस घर नहीं पहुंचा । उसका शव कोसमी क्षेत्र में फारेस्ट नर्सरी के समीप सोमवार को मिला । पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है ।शिवपुरी - रावनवाड़ा क्षेत्र के अंतर्गत खैरीचैतू निवासी 35 वर्षीय किशोर पिता रूपलाल सल्लाम कोसमी रोड बारंगा तेली में फारेस्ट नर्सरी के समीप मृत अवस्था में मिला । मृतक शनिवार को लोहा और सीमेंट लेने परासिया आया था । लोहा सीमेंट तो उसने एक लगेज वाहन में भर कर घर पहुंचा दिया पर खुद घर नहीं पहुंचा ।रविवार को उसकी पत्नी ने परासिया थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी । जिसके बाद पुलिस ने पतासाजी की , सी सी टी वी कैमरे देखे गए । मृतक शनिवार को बाइक से खिरसाडोह की तरफ जाते दिखा । खिरसाडोह स्टेशन के समीप वह बाइक से गिरा , कुछ देर बाद बाइक और मोबाइल छोड़कर वह चला गया । उसे एक मेडिकल दुकान और एक सब्जी की दुकान में जाता हुआ भी देखा गया । सोमवार सुबह पुलिस को बारंगा तेली में एक शव पड़ा होने की सूचना मिली । जिसकी पहचान किशोर सल्लाम के रूप में हुई । प्रथम दृष्टत्या मामला सड़क दुर्घटना का लग रहा है । शिवपुरी पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

# नगर पालिका की अनदेखी से शहर गंदगी का गढ बना

### परासिया में सफाई व्यवस्था ध्वस्त, वार्डवासियों को हो रही परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर पालिका परासिया क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। वार्डों, गलियों और सड़कों पर जगह-जगह कूड़े के ढेर, ओवरफ्लो होती नालियां और चारों ओर फैली बदबू ने जनता का जीवन मुश्किल कर दिया है। नगर पालिका की इस घोर अनदेखी से स्थानीय लोगों में गहरा रोष है, और बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। पिछले कई हफ्तों से स्थिति बदतर होती जा रही है। शहर के कई प्रमुख क्षेत्रों में नियमित रूप से कूड़ा नहीं उठाया जा रहा है, जिससे गंदगी और कचरे का अंबार लग गया है। यह गंदगी न केवल आंखों को चुभ रही है, बल्कि मच्छरों, चूहों और अन्य कीड़ों को भी जन्म दे रही है, जिससे वायरल फीवर, डेंगू, मलेरिया और हैजा जैसी बीमारियों का प्रकोप फैलने की आशंका बढ़ गई है।स्थानीय नागरिकों ने कई बार नगर पालिका कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

उनका कहना है कि जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या के प्रति पूरी तरह से उदासीन हैं।परासिया के नागरिक इस लापरवाही के कारण अपने स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।स्थानीय समुदाय ने मांग की है कि नगर पालिका प्रशासन इस मुद्दे पर तुरंत ध्यान दे और युद्ध स्तर पर सफाई अभियान चलाकर शहर को साफ-सुथरा करे। यदि जल्द ही इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया, तो नागरिक एक बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

# इंजीनियर्स डे पर किया गया इंजीनियरों को सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

हर साल 15 सितंबर को नेशनल इंजीनियर्स डे (Engineers Day 2025) मनाया जाता है। इस दिन को इंजीनियर्स के सम्मान और उनके योगदान को सराहने के लिए मनाया जाता है। सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया एक सिविल इंजीनियर, राजनेता और मैसूर के 19वें दीवान थे, जन्हिोंने भारत के विकास में अतुलनीय योगदान दयिा.1 यह दिन देश के विकास में इंजीनियरों के अमूल्य योगदान को समर्पित है और उन्हें सम्मान और सराहना देने का एक खास अवसर है। इसी खास दिन को सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के सम्मान मे नरेगा अभियंता संघ जिला समिति, छिंदवाड़ा के द्वारा नेशनल इंजीनियर्स-डे मनाया गया। इस अवसर पर सभी अभियंता गणों को मोमेंटो दिया गया 1 छिंदवाड़ा के विकास मे यहाँ के सभी अभियंताओ का महत्व पूर्ण योगदान रहा हैं 1 भारत रत्न श्री मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्म दिवस 15 सितंबर के अवसर पर मनरेगा अभियंता संघ के तत्वाधान में अभियंता दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिक सेवा श्री प्रवीण सोनी, सहायक यंत्री श्रीमती रोहिणी बघेले, श्री आर. पी. सोनी, श्री प्रतीक अतुलकर, एवं मनरेगा अभियंता संघ के जिला अध्यक्ष श्री अरसद हैदरी, उपाध्यक्ष श्री रविकांत पटले आदि मौजूद रहे।

# चौरई में नवरात्रि का भव्य आयोजन

### सिद्ध रुद्राक्ष वितरण के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

नवरात्रि महोत्सव की तैयारियाँ पूरे जोश और श्रद्धा के साथ चल रही हैं। इस बार वार्ड नंबर 1 में आयोजित हो रहे “चौरई नगर जगरानी” पंडाल में माता रानी के दर्शन के साथ-साथ महाकुंभ 2025 से प्राप्त सिद्ध रुद्राक्ष का विशेष वितरण भी किया जाएगा।

इसे लेकर नगरवासियों में भारी उत्साह है और इसके लिए व्यवस्थित रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।आयोजकों ने बताया कि रुद्राक्ष वितरण का उद्देश्य अधिक से अधिक श्रद्धालुओं तक यह पुण्य अवसर पहुँचाना है। ताकि वितरण शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से हो सके, इसके लिए सरल और पारदर्शी पंजीकरण प्रक्रिया लागू की गई है। इसमें नाम, मोबाइल नंबर, परिवार के सदस्यों की संख्या जैसी जानकारी ली जा रही है, ताकि समय पर उचित मात्रा में रुद्राक्ष उपलब्ध कराए जा सकें।

यह व्यवस्था न केवल भीड़ नियंत्रण में मदद करेगी, बल्कि हर श्रद्धालु को सहज तरीके से दर्शन और वितरण का लाभ भी दिलाएगी। पंडाल स्थल पर विशेष काउंटर बनाया गया है, साथ ही ऑनलाइन लिंक और QR कोड के माध्यम से भी रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है। आयोजकों ने नगरवासियों से अपील की है कि वे परिवार सहित पंजीकरण कर माता रानी की कृपा प्राप्त करें और महाकुंभ से मिले सिद्ध रुद्राक्ष का पुण्य लाभ उठाएँ। रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि – 25 सितंबर रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क नंबर– 9753598182, 8815369939 रुद्राक्ष वितरण पूर्णतः निःशुल्क है। आपसे आग्रह करता है कि इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनें, अभी रजिस्ट्रेशन कर अपने लिए रुद्राक्ष सुरक्षित करें और नवरात्रि का उत्सव भक्ति, श्रद्धा और आनंद के साथ मनाएँ।

### क्षेत्र की समस्याओं को छोड़ आरोप प्रत्यारोप में लगे भाजपा-कांग्रेस नेता

# पत्रकारों ने किया सौंसर थाने के सामने विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर



सोशल मीडिया पर सौसर के पत्रकारों के खिलाफ की गई टिप्पणी के सोमवार को स्थानीय पत्रकारों ने पुलिस थाना परिसर में पहुंचकर शिकायत करते हुए भाजपा नेता पर कार्रवाई करने की मांग की, इस दौरान सौसर के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथियों ने कार्रवाही को लेकर पुलिस थाना गेट के सामने धरना देते हुए जमकर नारेबाजी भी की।

इस दौरान थाना प्रभारी रूपलाल उइके के द्वारा बार-बार विनती करने के बावजूद भी पर कार्रवाई करने की मांग पर डटे रहे। क्षेत्र के पत्रकारों के खिलाफ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक और व्हाट्सएप पर छाया रहा है।मिली जानकारी के अनुसार दो भाजपा नेताओं ने कथित तौर पर पत्रकारों के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई थीं। इस पर नाराज पत्रकारों ने थाने में एकजुट होकर दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की। पत्रकारों ने पुलिस को 48 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि निर्धारित समय में ठोस कार्रवाई नहीं होती है तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

इस दौरान पत्रकारों ने जिले के पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से भी फोन पर चर्चा कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। अधिकारियों ने पत्रकारों को निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। गयाप्रसाद सोनी, दिनेश धारपुरे ने बताया कि आए दिन कुछ तथाकथित लोग सोशल मीडिया के माध्यम से पत्रकारों को बदनाम करने की कोशिश करते हैं और अभद्र टिप्पणियां करते हैं, जिससे पत्रकारिता की गरिमा आहत हो रही है। वरिष्ठ पत्रकार पी.के.एस. गुरवे ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पुलिस ने दोषियों पर कार्रवाई नहीं की तो क्षेत्र एवं जिले के समस्त पत्रकार थाने के सामने धरना देने पर मजबूर होंगे। तहसील प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष उदय ढ़ाले ने कहा कि अब पत्रकारों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी कतई बर्दाश्त नही की जाएगी। इस दौरान बड़ी संख्या में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडियाकर्मी उपस्थित थे।

विगत कुछ महीनो से देखने में आए हैं कि कांग्रेस और भाजपा के नेता नगर क्षेत्र के विकास को छोड़कर एक दूसरे को नीचा दिखाते हुई आरोप प्रत्यारोप करने में लगेहुए हैं। एक और जहां नगर विकास की गति शून्य हो गई है, नगर के वार्डों में विगत दो सालों में निर्माण कार्य बंद पड़े हुए हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौसर में स्टाफ,संसाधन,डॉक्टरों कमी 23 सालों में पूरी नहीं हो पाई है।

### वरिष्ठ पत्रकार मुकुंद और शशिकांत को दी आर्थिक सहायता

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू लगातार विभिन्न माध्यमों से जरूरतमंदो, गरीब परिवारों और दीनःदुखियों की आर्थिक सहायता कर रहे है। इसी कड़ी में सोमवार को एक बार फिर सांसद श्री साहू ने एक बार फिर मानवता की मिशाल कायम करते हुए वरिष्ठ पत्रकार मुकुंद सोनी को ईलाज के लिए व्यक्तिगत तौर पर पुनः 50 हजार की आर्थिक सहायता और हिवरखेड़ी निवासी शशिकांत सोनी को उनके निवास स्थान पर आकाशीय बिजली के कारण हुई क्षति पर 10 हजार की व्यक्तिगत सहायता प्रदान की गई है।

**कार्यालय बहुउदेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित (बी-पैक्स) समसवाड़ा**
पंजीयन क्रमांक - 844, दिनांक 31.10.1966
क्रमांक / क्यू/आमसभा 2025 / समसवाड़ा दिनांक 12/09/2025

**आमसभा सूचना पत्र**

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित (बी-पैक्स) समसवाड़ा पं. क्र0 844 दिनांक 31.10.1966 के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है, कि संस्था की साधारण वार्षिक आमसभा दिनांक 27/09/2025 दिन शनिवार को संस्था कार्यालय समसवाड़ा में दिन के 01:30 बजे आयोजित की गई है, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**विषय सूची:-** 1. आगामी वर्ष 2025-26 के लिये क्रिया कलापों पर विचार । 2. संचालक मण्डल के सदस्यों का निर्वाचन यदि कराया जाना अपेक्षित है, पर विचार। 3. प्राप्त संपरिक्षा रिपोर्ट वर्ष 2024-25 पर विचार बाबद । 4. वर्ष 2025-26 के शुद्ध लाभ के व्ययन बाबद विचार। 5. आगामी सहकारी वर्ष 2025-26 के लिए बजट प्रस्तुत करने बाबद विचार। 6. वित्तीय वर्ष 2024-25 में कार्य संचालन के कारण हुऐ घाटे के कारणों का परिक्षण करने बाबद विचार। 7. वर्ष 2025-26 लेखाओं की संपरीक्षा करने के लिये संपरीक्षक की नियुक्ति करने बाबद। 8. अधिनियम / उपविधि के प्रावधान अनुसार अतिशेष व्ययन के प्लान पर विचार। 9. अन्य विषय अध्यक्ष / प्रशासक महोदय की अनुमति से।

**टीप-** 1. कोरम के अभाव में साधारण वार्षिक आमसभा की बैठक आधा घंटे के लिए स्थगित की जावेगी आधा घंटे पश्चात बैठक पुनः उसी स्थान पर प्रारंभ की जावेगी, जिसमें कोरम की आवश्यकता नही होगी, तथा स्थगित आमसभा बैठक उपरोक्त एजेण्डे के अतिरिक्त अन्य विषयों पर निर्णय नही लिये जा सकेगें।

**रीता पटेल, प्रशासक** **इमरान खान, प्रबंधक**
**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित (बी-पैक्स) समसवाड़ा**

## दमुआ कॉलेज में अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत पौधारोपण



**दमुआ।** आज शासकीय महाविद्यालय दमुआ में अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण तथा हरित भविष्य के लिए पौधों का रोपण कर समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रश्मि दास ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि पौधे जीवन का आधार हैं और सभी को उनकी रक्षा करनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कंचन चन्द्रवंशी एवं इंदिरा पाटिल ने किया, जबकि मंच संचालन जितेंद्र दिवाकर ने प्रभावशाली ढंग से निभाया। व्याख्यान सत्र में डॉ. दिनेश कुमार और डॉ. दिलीप दोबाले ने पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन तथा प्रदूषण से बचाव के उपायों पर उपयोगी जानकारी साझा की।कार्यक्रम में पौधारोपण अभियान के अंतर्गत प्रतिवर्ष एक करोड़ पौधे लगाने के लक्ष्य की घोषणा की गई। विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे बढ़कर काम करने, जल स्रोतों को सुरक्षित रखने और हरियाली बढ़ाने हेतु जागरूक किया गया।

### 12 हजार मिट्टी नमूनों की जांच की, किसानों को चारा काटने की मशीन, चैपकटर अनुदान पर 100 किसानों को बांटे

# किसानों के हित में सतत कार्य कर रहा कृषि विभाग





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया**

कृषि विभाग परासिया के द्वारा क्षेत्र के किसानों के हित में सतत कार्य किया जा रहा है । कृषि योजनाओं का लाभ , कृषि उपकरणों का वितरण विभाग के द्वारा किसानों को किया गया है ।विनायक नागदवने वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी , किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग विकास खण्ड परासिया ने बताया , कि विकास खन्ड के किसानों को विभागीय योजनाओ से अधिक से अधिक लाभान्वित किया गया । साथ ही कृषकों से निरन्तर जिवित सम्पर्क किया जा रहा है ।सॉइल हेल्थ कार्ड योजनान्तर्गत कृषकों के खेतों से मिट्टी नमूना लेकर पिछले वर्ष में लगभग 12 हजार मिट्टी नमूनो की जांच की गई । किसानों को चारा काटने की मशीन , चैपकटर अनुदान पर 100 किसानों को वितरित किये गये । भारिया जनजाति कृषकों को कोदों , कुटकी बीज ज देकर लाभान्वित किया गया । भारिया किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड बनाये गये।स्टेट माइक्रो इरिगेशन मिशन योजनान्तर्गत कृषकों को सप्रिंकलरकिसानों के हित में सतत कार्य कर रहा कृषि विभागपरासिया :- कृषि विभाग परासिया के द्वारा क्षेत्र के किसानों के हित में सतत कार्य किया जा रहा है । कृषि योजनाओं का लाभ , कृषि उपकरणों का वितरण विभाग के द्वारा किसानों को किया गया है ।विनायक नागदवने वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी , किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग विकास खण्ड परासिया ने बताया , कि विकास खन्ड के किसानों को विभागीय योजनाओ से अधिक से अधिक लाभान्वित किया गया । साथ ही कृषकों से निरन्तर जिवित सम्पर्क किया जा रहा है ।सॉइल हेल्थ कार्ड योजनान्तर्गत कृषकों के खेतों से मिट्टी नमूना लेकर पिछले वर्ष में लगभग 12 हजार मिट्टी नमूनो की जांच की गई । किसानों को चारा काटने की मशीन , चैपकटर अनुदान पर 100 किसानों को वितरित किये गये । भारिया जनजाति कृषकों को कोदों , कुटकी बीज देकर लाभान्वित किया गया । भारिया किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड बनाये गये । स्टेट माइक्रो इरिगेशन मिशन योजनान्तर्गत कृषकों को सप्रिंकलर एवं पाईप लाइन अनुदान पर ऑन लाईन दिये गये । राष्ट्रीय बायोगैस योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के किसानों को 22000 एवं अन्य कृषकों को 14350 अनुदान देकर विगत तीन वर्षों में 20 कृषकों को लाभान्वित किया गया है । एवं पाईप लाइन अनुदान पर ऑन लाईन दिये गये । राष्ट्रीय बायोगैस योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के किसानों को 22000 एवं अन्य कृषकों को 14350 अनुदान देकर विगत तीन वर्षों में 20 कृषकों को लाभान्वित किया गया है

## महिलाओं ने महालक्ष्मी पूजा कर सुख समृद्धि की कामना की



**जुन्नारदेव।** नगर में महिलाओं ने रविवार को महालक्ष्मी व्रत एवं पूजन किया। सुबह से ही महिलाओं ने नगर की पवित्र नदी पर जाकर स्नान किया। पीले वस्त्र धारण कर व्रत का संकल्प लेकर माता महालक्ष्मी का पूजन किया। जो सोलह दिनों तक चलता है। महिलाओं ने पारंपरिक गीतों के साथ महालक्ष्मी माता की आरती की और परिवार की सुख-शांति, समृद्धि तथा वैभव की कामना की। वृद्ध महिलाओं से लेकर युवतियों ने व्रत किया। कई स्थानों पर सामूहिक पूजा भी आयोजित की गई। पं.पवन परसाई ने बताया कि महालक्ष्मी व्रत श्राद्ध पक्ष की अष्टमी तिथि को विशेष रूप से मनाया जाता है। इसे हाथी पूजा अथवा गजलक्ष्मी पूजन के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि इस दिन मां लक्ष्मी हाथी पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देती हैं और उनका पूजन करने से दरिद्रता दूर होती है एवं धन-धान्य की वृद्धि होती है। इस दिन खरीदे गए सोने का भी विशेष महत्व है, जिसे आठ गुना बढ़ने वाला माना गया है। साथ ही, यह दिन वैवाहिक आवश्यकताओं की खरीदारी के लिए भी शुभ माना जाता है।

## समाज में आध्यात्मिकता के साथ नैतिक मूल्यों की पुनः स्थापना का आधार है राजयोगः रोहित भाई

**जुन्नारदेव।** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से जून्नारदेव के ब्रह्मा कुमारी सेवा केंद्र पर आये वरिष्ठ राजयोगी भ्राता रोहित भाई जी आगमन पर नगर वासियों के लिए एक आध्यात्मिक संगोष्ठी आयोजित की गई थी। जिसमें शहर के विधायक भ्राता सुनील जी, महाकौशल क्षेत्र प्रभारी राजयोगिनी बी के भावना, नगर पालिका अध्यक्ष श्री रमेश शालोड़े, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भ्राता अरुण साहू जी, पार्षद भ्राता अरुणेश जायसवाल जी, पूर्व पार्षद बहन कल्पना ठाकरे जी, वरिष्ठ अधिवक्ता भ्राता प्रशांत जी, परमर्श केंद्र प्रभारी बहन माधुरी बत्रा जी उपस्थित रहे।अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से वरिष्ठ राजयोगी भ्राता रोहित भाई जी ने बताया की आज मनुष्य अपनी उन्नति के सर्वोच्चतम शिखर पर है आज वो आकाश में पंछी की तरह उड़ना जनता है, पानी पर मछली की तरह तैरना जनता है लेकिन एक उन्नति ऐसी है जिसमें वो आज भी पिछड़ता जा रहा है वो है जमीन पर चलना अर्थात की श्रेष्ठ मूल्यों का उसके प्रैक्टिकल जीवन में समावेश उसमें वह दिन प्रति दिन अपनी अवनती अपना पतन कर रहा है ये से समय पर ब्रह्मा कुमारी संस्थान ना केवल किसी एक नगर में बल्कि समूचे विश्व में भी अपनी आध्यात्मिकरण एवं नैतिक मूल्यों के पुनः स्थापना का कार्य कर रहा है।विधायक भ्राता सुनील जी समेत सभी अथितयों ने कार्यक्रम की एवं ब्रह्मा कुमारीज के समाज के प्रति किये जाने वाले कार्यों की सराहना की कार्यक्रम का संचालन भ्राता बी के संदीप भाई ने किया।सभी का अथितियों एवं स्थानीय निवासीयों का आभार प्रदर्शित करते हुए जुन्नारदेव सेवा केंद्र प्रभारी बी के रजनी ने कहा की इस कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ गई।साथ ही महाकौशल क्षेत्र प्रभारी राजयोंगिनी बी के भावना ने सभी कों धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा की समय समय पर जो आप सभी ने इस ईश्वरीय कार्य में सहयोग दिया।



## शिक्षकों को किया गया सम्मानित चाइल्ड गिफ्ट बैंक की शुरुआत



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया**

ग्राम पंचायत भमोड़ी द्वारा ग्राम के लगभग 30 से अधिक शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को सम्मानित कर उपहार भेंट किया गया । आशा पुनर्वास केंद्र आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों को तिलक लगाकर पुष्प गुच्छ भेंटकर उपहार प्रदान किया गया । सरपंच विपिन श्रीवास्तव ने कहा , कि ग्राम में पहली बार शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है । उन्होंने ग्राम के प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में शिक्षकों के दिए जा रहे योगदान तथा शत प्रतिशत परीक्षा फल परिणाम के बारे में बताया । सरपंच ने इस अवसर पर नवाचार कर चाइल्ड गिफ्ट बैंक की शुरुआत करने की जानकारी दी। जिसके माध्यम से ग्राम के लोग अपनी उपयोग में नहीं आ रही विभिन्न प्रकार की सामग्री एवं वस्तुओं को इस बैंक में जमा कर सकेंगे जिसका लाभ स्कूली बच्चों एवं आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को मिल सकेगा । ग्राम पंचायत पुनर्वास केंद्र के प्रयास से आश्रम में माध्यमिक शाला तक के बच्चों को निशुल्क कोचिंग क्लास के शुभारंभ की जानकारी दी गई ।

## जिला महामंत्री का तामिया मंडल पदाधिकारी ने किया स्वागत



**तामिया।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंडल महामंत्री दुर्गेश सलामे जी के नेतृत्व में जिला भाजपा कार्यकारिणी में अपनी स्वच्छ छवि एवं कार्य कुशलता के कारण हमेशा संगठन में अन्य पदो का दायित्वों का निर्वहन करके उनमे खरे उतरना एवं पार्टी के दायित्व को अपना कार्य समझकर करना एवं उसमें विजय हासिल करना ऐसे दायित्ववान सेवा भावी कार्यकर्ता हम सबके मार्गदर्शक आदरणीय बड़े भाई साहब कमलेश जी उईके जो अभी वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री बनाए गए हैं इसी कड़ी मे तामिया मंडल अध्यक्ष दयाराम इरपाची उमरेट मंडल अध्यक्ष राम प्रसाद कुमरे जी जुनारदेव शहरी मंडल अध्यक्ष विवेक चन्द्र वंशी वा भारतीय जनता पार्टी मंडल उपाध्यक्ष नीलेश डेहरिया प्रभारी धर्मेंद्र वासनिक युवा नेता ऋषभ सूर्यवंशी उनके गृह ग्राम पहुंचकर उनका साल और श्रीफल फल एवं पुष्प हार से सम्मान कर उन्हें बहुत-बहुत बधाईयां एवं शुभकामनाएं दी कमलेश उईके जी द्वारा भी सभी को अस्वस्थ कराया गया कि संगठन को हम और मजबूती प्रदान करेंगे एवं शासन की हर योजना को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएंगे।

## हिन्दी दिवस पखवाड़े का समापन समारोह आयोजित

### शासकीय महाविद्यालय लांजी में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार हिन्दी पखवाड़ा समारोह का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज लांजी।**



शासकीय महाविद्यालय लांजी में उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन के निर्देशानुसार दिनांक 01 सितम्बर 2025 से 15 सितम्बर 2025 तक स्वामी विवेकानन्द कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दी पखवाड़ा समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दिनांक 01 सितम्बर 2025 को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आर.आर. सोनवाने की अध्यक्षता में हुआ। आयोजन का संयोजन डॉ. डालेश कुमार विजयवार (हिन्दी विभाग) द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन स्वामी विवेकानन्द कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. गौतमा कठाने के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

पखवाड़े के अंतर्गत महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन, तथा हिन्दी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता जैसे विविध साहित्यिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

पखवाड़े के समापन अवसर पर दिनांक 15 सितम्बर 2025 को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आर.आर. सोनवाने ने की। समारोह की रूपरेखा श्री विजय हटिले द्वारा प्रस्तुत की गई।

श्री आर.आर. टिकेश्वर (प्राध्यापक, भूगोल विभाग) ने हिन्दी दिवस के महत्व पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसके पश्चात श्री ज्ञानदेव कुशले (हिन्दी विभाग) ने हिन्दी भाषा की उपयोगिता पर विद्यार्थियों को संबोधित किया।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य प्रो. आर.आर. सोनवाने ने हिन्दी दिवस एवं पखवाड़े के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्रेरणादायी संदेश दिया।

## प्रातः घूमने वालों को डंडे से मारने वाला बाइकर्स गैंग सक्रिय, पुलिस पकड़ने में असफल

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नगर में एक बार पुनः बाइकर्स गैंग का आतंक प्रारंभ हो गया हैं, यह अज्ञात युवकों का बाइकर्स गैंग प्रातः काल भ्रमण पर निकलने वाले लोगों को डंडे से मारकर रफूचक्कर हो जाता है। कुछ ऐसी ही घटना फिर एक बार सामने आई है। सोमवार की सुबह नगर के जय स्तंभ चौक पर अज्ञात बाइक सवार युवकों ने चलती बाइक से नगर पालिका के सफाई कर्मी जीतू चौहान उर्फ करिया सहित दो अन्य लोगों पर डंडे से वार किया और फिर फरार हो गए। जिससे सफाई कर्मी को पैर में मामूली चोट आई हैं, वहीं सफाई कर्मी की माने, तो बाइक पर तीन युवक सवार थे, जिनमें से एक युवक ने काली टी शर्ट पहना हुआ था, उसके हाथों में डंडे थे। 22 सितम्बर से शारदेय नवरात्र प्रारंभ होने वाली हैं। मातारानी की पूजा अर्चना करने मंदिरों में सुबह से लोग



जाते है। ऐसे में अज्ञात युवकों द्वारा राहगीरों को मारकर वहां से रफूचक्कर हो जाना, यह शहर में पहली घटना नहीं हैं, पिछले कुछ महीनों से नगर में लगातार घटना घटित हो रही हैं। जिसकी सूचना पुलिस को कुछ आम नागरिकों सहित सोशल मीडिया के माध्यम से अवगत कराया गया था। मगर पुलिस द्वारा अभी तक उत्पात मचा रहे अज्ञात बाइकर्स गैंग को पकडऩे में असफल साबित हुई हैं। अब देखना होगा कि जिले के नये एस पी आदित्य मिश्रा इस मामले में आरोपी को पकडऩे थाना प्रभारी को क्या निर्देश देते है।

## मेंडक़ी में सेवा पखवाड़ा अभियान कार्यशाला का हुआ आयोजन

### नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष अमूले व जिला मंत्री गोखले का किया गया भव्य स्वागत

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।**

भाजपा मंडल रामपायली की ग्राम पंचायत मेंडक़ी में विधानसभा प्रभारी प्रदीप जायसवाल पूर्व विधायक के आतिथ्य में नवनियुक्त भाजपा जिला उपाध्यक्ष किशोर अमूले एवं जिला मंत्री रेखा गोखले के साथ मंडल प्रभारी आलोक खरे पूर्व अध्यक्ष नगरपालिका परिषद वारासिवनी का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा की सेवा पखवाड़ा अभियान की कार्यशाला संपन्न हुई। जिसमें बूथ कमेटी की संरचना पर मंडल अध्यक्ष को अति आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सिंतबर से लेकर महात्मा गॉधी की जयंती 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया जायेगा। जिसको लेकर भाजपा



द्वारा मंडल स्तर पर कार्यशाला लेकर कार्यकर्ताओं को इस पखवाड़े में किए जाने वाले कार्यो की जानकारी दी जा रही हैं। इस कार्यशाला में पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम अगर अपने बूथ को मजबूत कर लेगे, तो सोसायटी, कृषि मंडी, ग्राम पंचायत आदि चुनाव में हमारे प्रत्याशियों की जीत निश्चित है।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष किशोर अमूले ने कार्यकर्ताओं से कहा कि जिला नेतृत्व ने मंडल अध्यक्षों को बूथ अध्यक्षों के नाम में फेरबदल के अधिकार दे दिये है। मंडल अध्यक्ष तत्काल ऐसे बूथ अध्यक्ष, जो सक्रिय नहीं हैं, उनके नाम परिवर्तित करे। जिससे उनके नाम सरल एप सहित पार्टी में अपलोड किये जा सके। श्री अमूले ने कार्यकर्ताओं को बताया कि 17 सितम्बर को वारासिवनी में स्वास्थ्य शिविर के बाद विभिन्न दिनांकों में डोंगरमाली, बुदबुदा सहित अन्य विकासखंडों में भी स्वास्थ्य शिविरों का निःशुल्क आयोजन किया जायेगा।

## शाउवि किरनापुर में विकासखंड स्तरीय विज्ञान वाटिका का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।**

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरनापुर में विकासखंड स्तरीय विज्ञान नाटिका का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखंड के स्कूल सांदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजेगाव, शासकीय हाईस्कूल हिर्री , शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरनापुर ने अपनी सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री जी पी सोनी विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अनीता तारन, हाई स्कूल नेवारा के प्राचार्य श्री बसंत चौधरी एवं विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। इस कार्यक्रम के विज्ञान नाटिका में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरनापूर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सांदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजेगांव ने द्वितीय स्थान और शासकीय हाई स्कूल हिर्री ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कार्यक्रम का संचालन धीरेंद्र श्रीवास द्वारा किया गया। कार्यक्रम प्रभारी सोफिया खान द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरेन्द्र चित्रीव, आसिया खान,घनश्याम रामटेके, एकता बंसोड़, किशोर बुराड़े, रिषिवर कावड़े ईश्वर प्रसाद लिल्हारे, एवं उक्त कार्यक्रम में स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## नेपाल के बाद भारत बनेगा हिन्दू राष्ट्र - स्वामी महाराज

**हरिभूमि न्यूज उकवा।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में नरेन्द्र मोदी विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डे के नेतृत्व में तथा उपभोक्ता फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश मिश्रा एवं नरेन्द्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार शर्मा के मार्गदर्शन में नरेन्द्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय मुख्य संगठन महामंत्री एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी दिलीप सिंह, अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी स्वदेशानन्द ब्रह्म गिरि महाराज, उत्तरप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष ब्रजेश मिश्रा, प्रेस महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकधर मिश्रा, अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के प्रदेश अध्यक्ष जविंदर सिंग सलूजा, संगठन महामंत्री महन्त जय नारायण मिश्रा , समाज सेवी मन्नु ठाकुर तथा वरिष्ठ पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थित में अतिथियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय संगठन मुख्य महासचिव दिलीप सिंह ने संगठन की पृष्ठ भूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठन का मूल उद्देश्य मोदी जी के विचारों को तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचा कर देश की जनता को केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाना है। अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी स्वदेशानन्द ब्रह्म गिरि महाराज ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच का उद्देश्य देश और विदेशों में सभी सनातनियों को एक मंच पर लाकर भारत और नेपाल को हिन्दू राष्ट्र बनाना है। साथ ही गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा भारत में भी



दिलाना और नेपाल में भी दिलाना है। साधु संतों की सुरक्षा के लिए विशेष कानून बनाकर साधुओं की सुरक्षा करना है। स्वामी स्वदेशानंद ने कहा कि हम साधु संतों को संसद में पहुंचा कर देश की संसद को सन्त संसद बनाना चाहते हैं जिसके लिए संगठन के पदाधिकारियों के द्वारा देश और विदेश मे भ्रमण कर सभी सनातनियों को एक मंच में लाने का काम किया जा रहा है। स्वामी स्वदेशानंद ने कहा कि बहुत जल्द नेपाल हिन्दू राष्ट्र बनेगा और नेपाल के बाद भारत भी हिन्दू राष्ट्र बनेगा। रायपुर में नरेन्द्र मोदी विचार मंच के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुवे स्वामी स्वदेशानन्द ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूमि के कण कण में आदि शक्ति का वास है जिस तरह उत्तराखंड को देव भूमि कहा जाता है उसी तरह छत्तीसगढ़ को भी आदि शक्ति भूमि कहा जाना चाहिए। आपने नेपाल के युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि नेपाल के युवा शक्ति ने भ्रष्ट सरकार का तख्ता पलट कर नेपाल में सनातन को मज़बूत करने का काम किया है। जो बधाई के पात्र हैं। मंच का संचालन राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश मिश्रा एवं छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डे के द्वारा बारी बारी से किया गया।

## राजा भोज कृषि महाविद्यालय का स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास से संपन्न

**वारासिवनी।** राजा भोज कृषि महाविद्यालय मुरझड़ फार्म वारासिवनी का स्थापना दिवस समारोह 12 सितम्बर को बड़े हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अधिष्ठाता डॉ घनश्याम देशमुख एवं डॉ नरेश बिसेन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त सहप्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए। समारोह की शुरुआत डॉ सुनील राजक द्वारा दिए गए स्वागत भाषण से हुई। जिसमें उन्होंने महाविद्यालय की उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। तत्पश्चात डॉ उत्तम बिसेन एवं डॉ अतुल श्रीवास्तव द्वारा महाविद्यालय के गौरवशाली इतिहास एवं उपलब्धियों को विस्तारपूर्वक दोहराया गया।

## लांजी की दो बालिकाओं का राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में चयन



**हरिभूमि न्यूज लांजी ।** लांजी की दो होनहार बालिकाओं, दिव्या घोंगड़े और मानसी वाकले ने मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के तहसील अम्बा में आयोजित राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग टीम का प्रतिनिधित्व किया। ये दोनों खिलाड़ी भगत सिंह स्पोर्ट्स अकादमी में निरंतर अभ्यास कर रहे हैं और ब्लॉक समन्वयक एवं प्रशिक्षण प्रज्ञात वासनिक के नेतृत्व में अपना कौशल विकसित कर रही हैं। भगत सिंह स्पोर्ट्स अकादमी के कोच और सदस्य ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई और उज्जवल भविष्य की कामना की है। इनमें नवीन रामटेक्कर, राकेश मर्सकोले, महेंद्र खोबरागड़े, वरुण बड़मे, साहिल पांडे, नवीन मात्रे, विनोद चौधरी, विनय सातपुते, खुशाल खानोरकार, अजय कारसर्प, मनसा घोंगड़े, कशिश बारसागड़े, क्रिस्टी कोठारें, कीर्ति उपराड़े और भारती लहरोनिया शामिल हैं। दिव्या घोंगड़े और मानसी वाकले ने अंडर 14 आयु वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया और जबलपुर संभाग टीम को गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि से भगत सिंह स्पोर्ट्स अकादमी और लांजी क्षेत्र में खुशी की लहर है। अब दिव्या और मानसी आगामी प्रतियोगिताओं में अपनी टीम का नेतृत्व करने और अपने कौशल को और भी बेहतर बनाने के लिए तैयार हैं। उनकी इस उपलब्धि से अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे अपने खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित होंगे।

**खबर संक्षेप**

## महिलाओं ने की महालक्ष्मी की पूजा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** माता लक्ष्मी की कृपा बनी रहे इसके लिए महिलाओं ने रविवार को महालक्ष्मी की पूजा की। महालक्ष्मी व्रत न केवल धन की प्राप्ति का मार्ग खोलता है, बल्कि घर में सुख, शांति और समृद्धि भी लाता है। माता लक्ष्मी की कृपा पाने का यह श्रेष्ठ अवसर होता है। बंडोल के पंडित तनिष्क दुबे ने बताया कि श्रद्धा के साथ इस व्रत का पालन करने से न केवल धन और ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है, बल्कि जीवन में स्थायी सुख, शांति और समृद्धि भी आती है। कथा में पं. तनिष्क दुबे ने बताया कि प्राचीन काल में एक गांव में एक गरीब ब्राह्मण रहता था। वह भगवान विष्णु का परम भक्त था और प्रतिदिन उनकी पूजा करता था। उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने उसे दर्शन दिए और वरदान मांगने को कहा। ब्राह्मण ने इच्छा जताई कि उसके घर में लक्ष्मी का वास हो, ताकि वह दरिद्रता से मुक्त हो सके।

# शिक्षक पात्रता परीक्षा निरस्तीकरण हेतु मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।




अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ नई दिल्ली के मार्गदर्शन पर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ प्रांतीय कार्यकारिणी के आवाहन पर प्रदेश के सभी जिलों में आज देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नाम पर ज्ञापन सोपा गया जिसमें शिक्षकों को इस पात्रता परीक्षा से मुक्त करने का निवेदन किया गया है इसी कड़ी में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा सिवनी द्वारा भी आज 15 सितंबर 2025 को जिला कलेक्टर परिसर पहुंचकर समस्त शिक्षकों एवं पदाधिकारी की उपस्थिति में ज्ञापन सोपा गया ज्ञापन प्राप्त करने के लिए अनुविभागी अधिकारी श्री नितिन चौधरी उपस्थित रहे उन्होंने जिला कार्यकारिणी से ज्ञापन प्राप्त कर इसे शीघ्र वरिष्ठ कार्यालय तक पहुंचाने की का आश्वासन दिया प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष श्री अविनाश पाठक जिला सचिव श्री संतोष सूर्यवंशी शैक्षिक प्रकोष्ठ प्रभारी विजय शुक्ला जिलासंगठन मंत्री श्री अनिल शर्मा श्री हरिशंकर यादव कार्यकारिणी सदस्य श्री अजय यादव सी छापरा विकासखंड अध्यक्ष श्री परस राम सनोदिया तहसील अध्यक्ष कु रई श्री मनोज कश्यप विकासखंड अध्यक्ष कुरई श्री सचिन जैन जिला उपाध्यक्ष गजेंद्र राय कार्यकारिणी सदस्य श्री विनोद त्रिवेदी संगठन मंत्री कुरई अब्दुल गफ्फार खान विकासखंड अध्यक्ष धनोरा संतोष जायसवाल श्री गोविंद रांगडाले श्रीमती आरती पांडे श्री रघुनाथ चौक से श्री ब्रह्मांड सिंह राय संतोष नेमा श्री राजेंद्र गोनंगे श्री प्रदीप श्रीवास्तव एवं जिले के सभी शिक्षकों ने उपस्थित होकर ज्ञापन सोपा सभी शिक्षकों ने मध्य प्रदेश शिक्षक संघ एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक संघ का मार्ग दर्शन कर आज संपूर्ण मध्य प्रदेश में ज्ञापन सोपा।

## विश्वकर्मा जयंती समारोह कल

सिवनी। भगवान विश्वकर्मा जयंती समारोह 17 सितंबर को विश्वकर्मा मंदिर महावीर वार्ड में मनाया जाएगा। जहां पर पूजन के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। विश्वकर्मा बढई समाज के अध्यक्ष सी पी सोनवाने ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार भगवान विश्वकर्मा जयंती मनाई जा रही है। प्रातः 11 से हवन पूजन, दोपहर 3 सामाजिक गोष्टी एवं शाम 5 बजे सामाजिक पदाधिकारियों के चुनाव के प्रक्रिया के संबंध में चर्चा की जाएगी।



शाम 6 से प्रसाद वितरण एवं सामाजिक भोज का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी सामाजिक बंधुओं से उपस्थिति की अपील की गई है।

# नेवरी नदी से अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करते ग्रामीणों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ा

**चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ग्वारी जोगीवाडा स्थित नेवरी नदी से अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करते हुए ग्रामीणों ने एक लाल रंग का बिना नंबर का महिंद्रा ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ा।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर चालक दिलीप भलावी पिता फदाली निवासी जोगीवाडा है, जबकि ट्रैक्टर मालिक शिवम मिश्रा निवासी चक्की खमरिया बताया गया। ग्राम कोटवार एवं ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से ट्रैक्टर को रोककर खनिज विभाग, पुलिस चौकी व तहसील कार्यालय को सूचना दी। ग्रामीणों का कहना है कि नेवरी नदी पर खुलेआम अवैध रेत उत्खनन किया जा रहा है, जिस पर रोक लगाने के लिए पहले जेसीबी से गहरे गड्ढे खोदे गए थे, लेकिन माफियाओं ने उन्हें पाटकर पुनः रेत चोरी शुरू कर दी। शिकायत करने पर अधिकारियों की लापरवाही और सांठगांठ के आरोप भी ग्रामीणों ने लगाए। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर को चौकी लाकर खड़ा किया। तत्पश्चात खनिज अधिकारी रंजीत डेहरिया, नायब तहसीलदार दामोदर दुबे एवं पुलिस टीम ने पंचनामा तैयार कर ट्रैक्टर को बादलपार चौकी परिसर में जप्त कर प्रकरण दर्ज किया।

# नगर परिषद बरघाट में 18 लाख 56 हजार 107 रूपये राजस्व प्राप्त हुआ

**बरघाट - नगर परिषद बरघाट में शनिवार को शासन के आदेश पर लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें संपत्ति कर और जलकर से जुड़े कई प्रकरणों का निपटारा हुआ।**



सीएमओ वेद प्रकाश पुरी गोस्वामी से मिली जानकारी के अनुसार इस तरह कुल 18 लाख 56 हजार 107 राजस्व प्राप्त हुआ। बरघाट नगर परिषद के राजस्व निरिक्षक श्याम अवस्थी ने बताया कि संपत्ति कर से 10 लाख 24 हजार 956 रुपये और जलकर से 6 लाख 22 हजार 615 रूपये, ओर दुकान किराए से 2 लाख 8 हजार 536 रुपये सहित कुल 18 लाख 56 हजार 107 की राशि वसूली की गई। लोक अदालत में बड़ी संख्या में लोग नगर परिषद पहुंचे और संपत्ति कर, जलकर व अन्य करों का भुगतान कर रसीदें लीं। साथ ही कई प्रकरणों का निपटारा भी मौके पर किया गया। इस बार की लोक अदालत में पिछले लोक अदालत की तुलना में पांच गुनी ज्यादा वसूसी हुई है। लोक अदालत के सफल आयोजनअध्यक्ष इमरता साहू का विशेष योगदान के साथ राजस्व कर्मचारी शेर सिंह मरकाम, लखन चौधरी, शेरसिंह पंचेश्वर, प्रहलाद विश्वकर्मा, सुरेश मंतारे, भूपेंद्र शर्मा, सुरेश मर्सकोले, शफीक खान, नितेश पटले, दीपक अहिरवार , जलप्रदाय प्रभारी अजय निवारे व लेखापाल शेलेन्द तुरकर का योगदान रहा।

# शराब पीकर डंपर चलाने वाले वाहन एवं बिना बीमा बस पर लगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

पुलिस मुख्यालय के आदेश अनुसार पुलिस अधीक्षक श्री सुनील मेहता के मार्गदर्शन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा के निर्देशन में यातायात पुलिस सिवनी द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है । इस अभियान के तहत थाना यातायात के द्वारा निरंतर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही हैं। थाने के चैकिंग दल द्वारा चैकिंग के दौरान वाहन क्रमांक MP22 H 1502 को चेक करने पर पाया की चालक शराब के नशे में है, जिसका ब्रेथ एनालाइजर मशीन से टेस्ट करने पर शराब का सेवन करने की पुष्टि होने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए चालान न्यायालय में पेश किया गया जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा 10000-00 रुपए का जुर्माना किया गया। साथ ही स्कूल बस क्रमांक MP22 ZD 6753 को चेक करने पर वाहन का बीमा न होना पाया गया जिस पर 3000-00 रुपए का जुर्माना लगाया गया यातायात पुलिस सिवनी द्वारा दिनांक 13/09/25 को 35 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए 26600-00 रूपए का जुर्माना किया गया। शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई हेतु पत्र अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सिवनी को भी प्रेषित किया जाएगा।

# अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद संगठन विस्तार और समीक्षा बैठक संपन्न हुई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** विदित हो कि दिनांक 14/9/2025 को सिवनी नगर के शुक्रवारी स्थित श्री राम मंदिर में अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद की समीक्षा बैठक ली गयी जिसमे संगठन के उद्देश्य को आदरणीय स्वराज जी प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष द्वारा ओजस उद्बोधन कार्यकर्ताओ को दिया गया । एवं संगठन के कार्य विस्तार की रूपरेखा समझायी गयी । इस सुअवसर पर बड़ी संख्या मे नये कार्यकर्ता भी सम्मिलित होके संगठन मे शामिल हुए जिन्हे भगवा पहना कर स्वागत किया गया । एवं साथ ही मातृशक्ति का भी संगठन मे स्वागत कर उन्हे भगवा भेंट कर ओजस्वीनी सेना का निर्माण किया गया जो जिले मे सभी महिला वर्ग के उत्थान हेतु कार्य करेंगी । इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष स्वराज ,नीतू जंघेला जिला मंत्री,राजेश जिला मंत्री, कपिल जिला कार्य कारिणी अध्यक्ष,अनीश जिला अध्यक्ष, रोहित सक्सेना जिला उपाध्यक्ष, शुभम बघेल नगर अध्यक्ष, शिवा तिवारी जिला उपाध्यक्ष,एवं बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।



# समय सीमा की बैठक संपन्न

**कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में सोमवार 15 सितंबर 25 को कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन द्वारा विभागवार लंबित सीएम हेल्पलाइन सहित अन्य विभागीय प्रकरणों की समीक्षा की जा रही है,**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



उन्होंने संबंधित विभागाधिकारियों को लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने शासन की जनकल्याणकारी सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों को समय सीमा में पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।
उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का त्वरित निराकरण तथा विकास कार्यों की प्रगति पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित है।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में हिन्दी दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



प्रधान मंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिवनी में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन में व भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत हिन्दी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभांरभ सरस्वती पूजा के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष अजय बाबा पाण्डेय, प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग, एवं प्रध्यापक डॉ. पी. एल. सनोडिया, डॉ. मानसिंह बघेल, डॉ. प्रतिभा गुप्ता, डॉ. सविता मसीह, डॉ. ज्योत्सना नावकर, डॉ. लीडिया कुमरे, डॉ ज्योति गंजभिये उपस्थित रहें। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. श्याम सिंह राहंगडाले द्वारा मंच में उपस्थित अतिथि, एवं महाविद्यालय के प्रध्यापकों का स्वागत आभिनंदन करते हुए, प्राचीन हिन्दी भाषा के बारे में बातया गया। साथ ही डॉ. सविता मसीह ने बातया की हिन्दी भारोपिय परिवार की भाषा है। और भारोपिय परिवार में दो प्रकार के वर्गीकरण देखने को मिलते है, सतम् और केंतुम् दो प्रकार के वर्गीकरण के बारे में बाताय। साथ ही डॉ. सतेन्द्र कुमार शेन्डे के द्वारा बातया गया की हिन्दी भाषा के महत्व पर विशेष जोर दिया और आने वाले भविष्य में हिन्दी भाषा की उपयोगिता को समझया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग द्वारा हिन्दी दिवस पर व्याख्यान देते हुए उन्होंने बातया की हिन्दी की खोज डॉ. जार्ज एक्सन विदेशीयों के द्वारा किया गया है, और उन्होंने बातया की हिन्दी गद्य का प्रारंभ इस्ट इंडिया कम्पनी द्वारा 1600 ई. में फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थपना कोलकाता में की गई और चार हिन्दी के प्रोफेसर तैनात किये गये। अंत में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के प्रभारी द्वारा उपस्थित समस्त कर्मचारी एवं अधिकारिओ सहित छात्र/छात्राओं का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया गया।

# हायर सेकेंडरी विद्यालय मोहबर्रा मे पहुंचा जांच दल

## कलेक्टर से की गई शिकायत

हरिभूमि न्यूज केवलारी।



केवलारी विकासखंड अंतर्गत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मोहबर्रा मे विगत दो तीन वर्षो से कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं में गणित विषय का कालखंड अनियमित और नहीं लगने के कारण का परीक्षण करने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सिवनी से जांच दल दिनाँक 11/09/2025 को शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय मोहबर्रा मे उपास्थित हुआ। जांच के दौरान ग्राम पंचायत मोहबर्रा के सरपंच, उपसरपंच ग्राम पंचायत के पंचगण, पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं भारी संख्या मे पालक सदस्य उपास्थित रहे एवं जांच अधिकारियों का पूर्ण सहयोग किया। स्कूल मे पढने वाले बच्चों के पालकों ने जांच मे बताया कि विद्यालय में विगत वर्षो से गणित जैसे महत्पूर्ण विषय की पढ़ाई नियमित रूप से नहीं हो पा रहीं है और संबन्धित शिक्षक के द्वारा गणित विषय का कालखंड लापरवाही पूर्वक उनके द्वारा नहीं लगाया जा रहा है, जिससे छात्र स्कूल में गणित विषय नहीं पढ पा रहे है, कुछ छात्र कोचिंग आदि से गणित पढ रहे है, लेकिन अनेक विद्यार्थी गणित पढने से वंचित रह जाते हैं, पाठ्यक्रम भी समय अनुसार शिक्षक पूर्ण नहीं करा पा रहे हैं और बच्चे परीक्षा मे असफल हो रहे हैं। शाला मे अध्ययनरत बच्चों के द्वारा भी गणित का कालखंड पूर्व एवं वर्तमान सत्र मे नहीं लगने की बात जांच अधिकारियों को बताई गई। संस्था के प्राचार्य द्वारा भी गणित के शिक्षक द्वारा अध्यापन नहीं कराए जाने की बात स्वीकार की गई एवं अपने स्तर से शिकायत की बात कही गई। पूर्व वर्षो मे भी संबंधित शिक्षक की इस संदर्भ मे अनेक शिकायतें की गई थी पर अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। जांच करने आए अधिकारियो से पालकों ने निवेदन किया कि संबंधित शिक्षक को शाला से हटाकर अति शीघ्र गणित विषय पढाने के लिए अन्य योग्य शिक्षक की व्यवस्था की जावे एवं हमारे बच्चों का भविष्य अंधकार होने से बचाया जाये वरना पालकों शिक्षक संघ को लंबे समय से चली आ रही समस्या के निराकरण के लिए किसी बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इसके पूर्व ग्राम पंचायत मोहबर्रा के सदस्य, पालक संघ, एवं स्कूल मे पढने वाले बच्चों के द्वारा जिले की शिक्षा के लिए संवेदनशील कलेक्टर महोदया से मिलकर समस्या के शीघ्र निराकरण करने का निवेदन किया गया जिसके उपरांत शिकायत के परीक्षण के लिए जांच दल विद्यालय पहुँचा।

# विश्व ओजोन परत दिवस पर्यावरण के हित में मनुष्य का योगदान-के के चतुर्वेदी

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



ओजोन परत अर्थात मनुष्य की ₹लाइफ लाइन ₹अर्थात ₹मनुष्य का जीवन ₹ जबतक ओजोन परत सुरक्षित होगी तभी तक ,मनुष्य द्वारा संचित धन,वैभव,मायावी चकाचौंध,का महत्व है।अन्यथा इसके आभाव में मनुष्य, जीव जंतु,पेड पौधे किसी का कोई महत्व नहीं?।परन्तु मनुष्य और संस्थान, साधन संपन्न बनकर सबसे ज्यादा सी एफ सी उत्सर्जन करने का कारण बन गए हैं।,एवं स्वंय,ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने बड़ी मात्रा में रेफ्रिजरेटर, एयरकंडीशनर,रासायनिक पदार्थों का उपयोग कर रहे है।इनका इस्तेमाल आफिस,अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान, सहित सभी राज्य एवं केंद्र सरकार के कार्यालयों में इस कदर हो रहा है जिसकी कोई सीमा नहीं।जब आदमी बीमार हो जाता है तो अपनी चिकित्सा अच्छे से अच्छे विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखभाल में अच्छे एयर कंडीशनर अस्पतालों में कराता है यह जानते हुए भी कि यह सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जक संस्थान हैं ,परन्तु ना व्यक्ति, ना अस्पताल किसी को भविष्यकी नहीं सिर्फ आज की चिंता है?।साधन संपन्न आदमी,साधन संपन्न अस्पताल, आफिस,स्कूल, कालेज, कोचिंग, होटल,लाज,माल बस,कार,ट्रेन ऐसे हैं जो सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जक हैं।फिर उम्मीद किससे की जा सकती है।यही साधन संपन्न मनुष्य जिसे हम हाई प्रोफाइल लोग कह सकते हैं सबसे ज्यादा रेफ्रिजरेटर एयर कंडीशनर,शेंट आदि का उपयोग कर सबसे ज्यादा ओजोन परत क्षयकारी पदार्थों का उपयोग कर पृथ्वी का संतुलन बिगाड़ने पूरी कोशिश अपने पैसे के दम पर करता है। क्योंकि केवल 2% लोग और उनके द्वारा प्रयुक्त किए जाने वाले संसाधन ओजोन परत के विनाश का महत्वपूर्ण कारण है। यदि हमें आने वाली पीढ़ी के लिए सुख,वैभव और साधन संपन्नता तलाशना है तो हमें शिक्षा ,चिकित्सा, समाज सेवा आदि मूल्य बदलने होंगे एवं हमें जैविक खेती, सोलर ऊर्जा ,जल संरक्षण वृक्षारोपण जैसे कार्यों को महत्व देना होगा।ओजोन है तो आज है,ओजोन है तो कल।डॉ के के चतुर्वेदी चेयरमैन डी पी चतुर्वेदी महाविद्यालय एवं डी पी सी स्कूल।

# हिंदी दिवस एवं शिक्षक दिवस कार्यक्रम संपन्न



**बंडोल।** रविवार बंडोल मे हिंदी दिवस एवं शिक्षा दिवस के अवसर में कार्यक्रम पर सेवा निवृत्त शिक्षकों का सम्मान एवम हिंदी दिवस में हिंदी संवाद उद्बोधन कार्यक्रम पर शामिल सेवा निवृत शिक्षक ग्रामीण क्षेत्रीय वरिष्ठ एवम युवा साथियों के बीच यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।
कार्यक्रम में पधारे आर पी शर्मा टी पी उपाध्याय टी आर डहेरिया एल सतनामी एम पी साहू एस एल रजक पी सी मर्सकोले एस पी यादव महेश अग्रवाल टेकराम वरकड़े सी एल राय श्रीनिवास मूर्ति लोमेश शर्मा नितिन निक्की साहू पी डी यादव पुरुषोत्तम बघेल अमित चौरसिया कृपाल ठाकुर शीलू साहू कृपाल बघेल संतोष लल्ला बघेल अमन यादव निलेश सराठे राकेश डेहरिया देवी सिंह राजपूत मोहित रजक श्री दादू राम सनाडय साबिर खान अमित बघेल निरपाल बघेल सतेंद्र सोनी राजेश रजक प्रताप परते संजू मरावी हिमांशु शर्मा तनय बघेल आप सभी आदरणीय की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।




# प्राथमिक शिक्षक सुरेश शाक्यवार किस आदेश के तहत जनशिक्षक का कार्य कर रहे

**धनोरा।** धनोरा जन शिक्षा केंद्र में जन शिक्षक पद पर कार्य कर रहे सुरेश शाक्यवार किस आदेश के तहत कार्य कर रहे है जबकि सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार सुरेश कुमार शक्यवार प्राथमिक शिक्षक है और वह जन शिक्षक बनने की योग्यता नही रखते है फिर भी सुरेश शाक्यवार अधिकारियों से मिल कर जन शिक्षक का कार्य कर रहे है । सूत्र तो ये भी बताते है की धनोरा जन शिक्षा केंद्र में प्रकाश ठाकुर के कार्यकाल से ही बहुत से प्राथमिक शिक्षक जनशिक्षक का कार्य कर रहे है क्या धनोरा जन शिक्षा केंद्र में जन शिक्षक बनने की योग्यता रखने वाले कोई भी शिक्षक नही है, और अगर जनशिक्षक की योग्यता रखने वाले शिक्षक है तो धनोरा बीआरसी जियन लाल सनोडिया क्यों नही दे रहे है इस तरफ ध्यान ।

## एक सप्ताह से हड़ताल में है सहकारी कर्मचारी

# सहकारी बैंक में तालाबंदी कर किया विरोध प्रदर्शन





**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

तीन सूत्रीय मांगों को लेकर एक हफ्ते से हड़ताल पर चल रहे बालाघाट जिले की 126 सहकारी समितियों के कर्मचारियों ने सोमवार को सहकारी बैंक में तालाबंदी कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने बैंक प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी भी की।

कर्मचारियों ने पदोन्नति और वेतन वृद्धि की मांग को लेकर प्रदेश अध्यक्ष बी.एस. चौहान की अगुआई में एक आक्रोश रैली निकाली। रैली जयस्तंभ चौक से शुरू होकर आदिवासी नृत्य के साथ सहकारी केंद्रीय बैंक पहुंची।

प्रदेश अध्यक्ष बी.एस. चौहान ने जिला पदाधिकारियों के साथ बैंक महाप्रबंधक पी. जोशी से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। चौहान ने कहा कि जिला बैंकों में आदेश के बावजूद 60 प्रतिशत कर्मचारियों का चयन नहीं किया गया है, जिसे तुरंत पूरा किया जाए। उन्होंने यह भी बताया कि महाप्रबंधक ने अक्टूबर 2023 से प्रति विक्रेता को मिलने वाला भुगतान और बढ़ा हुआ वेतन कर्मचारियों को देने का आश्वासन दिया है।

वहीं बैंक महाप्रबंधक पी.सी. जोशी ने कहा कि महासंघ ने जो मांगें रखी हैं, वे शासन स्तर की हैं। उन्होंने बताया कि शासन की नीति में सुधार के बाद ही चयन प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बैंक प्रबंधन ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया है कि वे उनकी मांगों को लेकर गंभीर हैं।

## पति-पत्नी का एक ही चिता में हुआ अंतिम संस्कार, पुत्र ने दी मुखाग्नि

# एसआईटी कर रही बिसेन दंपत्ति की हत्या की जांच

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।**

बालाघाट जिले के कटंगी थाना क्षेत्र के मोहगांव के बिसेन दंपत्ति की निर्मम हत्या की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है. इस विशेष जांच दल में 09 सदस्य शामिल है. शनिवार-रविवार की दरमियानी रात्रि बिसेन दंपत्ति व्यवसायी हेमेंद्र बिसेन और उनकी धर्मपत्नी योगिता बिसेन की अज्ञात आरोपियों ने कथित तौर पर उन्हीं के घर में घुसकर निर्मम हत्या कर दी है. दोनों के शव रविवार की सुबह साढ़े 08 बजे बेडरुम में खून से लथपथ मिले थे. इस पूरी घटना से क्षेत्र भर में सनसनी फैली हुई है यह कोई बिसेन दंपत्ति की हत्या किसने की, क्यों की यही जानना चाहता है. मगर, पुलिस को घटना के 24 घंटे बाद भी हत्यारों का कोई सुराग नहीं मिला है. सोमवार बिसेन दंपत्ति का गांव में ही अंतिम संस्कार किया गया दोनों के शवों के लिए एक ही चिता बनाई गई थी. पुत्र वशिष्ट ने अपने माता-पिता को मुखाग्नि दी. इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, नाते-रिश्तेदार और राजनीतिक दलों के नेता शामिल हुए।

बिसेन दंपत्ति की हत्या की जांच एसआईटी को सौंपी गई. वहीं सोमवार को पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा फिर एक बार मोहगांव पहुंचे. उन्होंने परिवार के प्रत्येक सदस्य से अलग-अलग बातचीत कर उनके कथन दर्ज करवाए है. एसपी ने उन सभी सदस्यों के कथन दर्ज करवाए जो घटना वाली रात्रि को घर पर मौजूद थे.



वहीं एफएसएल की टीम ने भी फिर से मौका-ए-वारदात की सूक्ष्मता से जांच की. पुलिस सूत्रों की मानें तो एफएसएल को भी कोई सबूत हाथ नहीं लगा. मृतक के बड़े भाई ईश्वरी प्रसाद बिसेन और करण बिसेन बताते है घटना के बाद से हेमेन्द्र के गले की सोने की चैन, योगिता का एक सोने का हार और कुछ अन्य सोने के जेवरात गायब है. नकदी रकम के गायब होने की वह पुष्टि तो नहीं करते लेकिन गायब होने अनुमान लगा रहे है. गौरतलब हो कि पुलिस अधीक्षक रविवार को भी करीब 3 घंटे तक घटनास्थल पर मौजूद थे. वहीं सोमवार को भी करीब 02 बजे वह मोहगांव आ गए थे और शाम 06 बजे तक अपने समक्ष ही उन्होंने पीड़ति परिवार के कथन दर्ज करवाएं है।

पुलिस के लिए यह हत्या बहुत बड़ी गुत्थी बन चुकी है. सूत्रों की माने तो पुलिस को अब तक हत्यारों के घर में एंट्री के कोई साक्ष्य नहीं मिल पाए है. बिसेन दंपत्ति की हत्या के पीछे हत्यारों का क्या मकसद हो सकता है. इसकी पुलिस बहुत ही बारीकी से जांच कर रही है. पुलिस वह तमाम एंगल से हत्या को जोड़कर देख रही है जिससे आरोपियों की पतासाजी की जा सकें. इसलिए पुलिस अधीक्षक ने परिवार के प्रत्येक सदस्य से अलग-अलग कथन दर्ज करवाएं. बिसेन दंपत्ति की हत्या के बाद जमीन खरीदी-ब्रिकी के पैसे आने और इस पैसे की लूट के लिए हत्या की चर्चाएं चल रही थी. इस तरह की चर्चाओं मृतक के भाई करण बिसेन ने सिरे से खारिज करते हुए कहा कि अभी कोई जमीन खरीदी-ब्रिकी जैसी बात नहीं हुई है. व्यापारिक लेन-देन और पुरानी रंजिश जैसे मामलों को जोड़कर पुलिस जांच कर रही है।

## समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार और बाजरा के उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन हुआ प्रारंभ

**बालाघाट।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा के उपार्जन के लिए जिले में किसानों का पंजीयन 15 सितम्बर से प्रारंभ हो गया है। समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार और बाजरा का विक्रय करने के लिये किसान अपना पंजीयन 10 अक्टूबर तक करा सकेंगे। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर ने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा के उपार्जन के लिए किसान अपना पंजीयन एमपी किसान एप पर स्वयं के मोबाइल से घर बैठे करा सकते हैं अथवा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र, जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र तथा सहकारी समितियों या सहकारी विपणन संस्थाओं में जाकर भी पंजीयन कराया सकेगा। इन केंद्रों पर किसानों का पंजीयन निःशुल्क किया जायेगा। जबकि, एमपी ऑनलाइन कियॉस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र एवं साईबर कैफे पर निर्धारित शुल्क देकर किसान अपना पंजीयन करा सकेंगे। सिकमी अथवा बटाईदार एवं वन पट्टाधारी किसानों के पंजीयन की सुविधा केवल निर्धारित सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था स्तर पर ही उपलब्ध होगी।किसानों को समर्थन मूल्य पर उपज के विक्रय के लिये पंजीयन कराने हेतु सभी आवश्यक दस्तावेज लेकर पंजीयन केंद्र पहुंचना होगा ।

## संचालक को करीब 1 लाख रुपए की क्षति, दर्ज करवाई एफआईआर

# रेस्टोरेंट में अज्ञात ने लगाई आग

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी से बोनकट्टा मुख्य सड़क मार्ग पर स्थित नाईट फैमिली रेस्टारेंट में किसी अज्ञात शरारती तत्व ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी. जिससे रेस्टोरेंट संचालक को करीब 01 लाख रुपए की क्षति पहुंची है. संचालक ने कटंगी थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है. रेस्टोरेंट संचालक को जिस व्यक्ति पर घटना को अंजाम देने का संदेह है उसके द्वारा संदेही का भी नाम पुलिस को बताया गया है. यह पूरी घटना 13 सितंबर की है. सोमवार को रेस्टोरेंट संचालक राजू मासुरकर ने बताया कि 13 सितंबर की रात्रि तकरीबन 11 बजे वह रेस्टोरेंट बंद कर अपने घर चले गए. दूसरे दिन आकर जब रेस्टारेंट खोला तो भीतर का दृश्य देखकर होश ही उड़ गए. राजू ने बताया कि शरारती तत्वों ने एग्जास्ट फैन की जगह से रेस्टोरेंट में पेट्रोल डाला और फिर आग लगा दी. जिससे रेस्टोरेंट में रखा काउंटर, बिजली के उपकरण, कुछ



नगदी रकम सब कुछ जलकर बर्बाद हो गया. उन्होंने बताया कि गनीमत की बात यह रही कि कीचन के सिलेंण्डर में धमाका नहीं हुआ वरना बड़ा हादसा हो सकता था. शहर के बाद स्थित रेस्टोरेंटb के पास पहले एक किराना दुकान में चोरी की वारदात भी हो चुकी है ऐसे में दुकानदारों में भय का माहौल बना हुआ है।

## सोनेवानी चौकी अंतर्गत ग्राम कसंगी का मामला

# दोस्तों के साथ तालाब में नहाने के दौरान डूबा बालक, हुई मौत

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

बालाघाट के हट्टा थाना क्षेत्र के कसंगी में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। दोपहर के समय दोस्तों के साथ तालाब में नहाने गए 9 वर्षीय अंकित की डूबने से मौत हो गई। अंकित दौलत अड़मे का बेटा था।

अंकित अपने तीन दोस्तों के साथ गांव के तालाब में नहाने गया था। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना से घबराए उसके दोस्त चुपचाप अपने घर लौट आए। उन्होंने किसी को घटना की जानकारी नहीं दी।

जब अंकित घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। परिजनों ने जब उसके दोस्तों से पूछताछ की, तब उन्होंने तालाब में डूबने की बात बताई। शाम 5 बजे परिजनों को यह जानकारी मिली। सूचना मिलते ही हट्टा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तालाब से अंकित का शव बरामद किया। पंचनामा कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। हट्टा पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।




## दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया का आयोजन

# आक्रोश आंदोलन मोर्चा रैली का आयोजन कल

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** 17 सितंबर को भारतीय बौद्धो की संस्था के माध्यम से महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन के द्वितीय चरण में 17 सितंबर को दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया मीराताई जिला बालाघाट मध्यप्रदेश द्वारा केन्द्रीय शाखा मुंबई एवं संस्था के ट्रस्टी राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष डा. भीमराव य.आंबेडकर साहेब बाबा साहेब के पौत्र के निर्देशानुसार संपूर्ण भारत देश में आक्रोश आंदोलन एवं रैली का आयोजन किया जा रहा है। बालाघाट मुख्यालय के डा. आंबेडकर चौक बालाघाट में दोपहर 1 बजे से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस आंदोलन में प्रमुख रूप से 3 मांगे रखी गई है। जिसमें प्रथम महाबोधी महाविहार बोधगया बीटी एक्ट 1949 रद्द कर मुक्त किया जाये, बोधिसत्व डा. बाबा साहेब जन्म स्थली महू जिसमें असमानता वादी ताकते अवैध रूप से कब्जा कर धम्म विरोधी नारे लगाते रहते है। उक्त स्मारक एवं विश्व प्रसिद्ध दीक्षा भूमि नागपुर जो कि दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया की सम्पत्ति होने के बावजूद असमतावादियो के गोद में बैठे हुये तथाकथित समाज के ठकेदारो ने स्मारक निर्माण समिति के नाम से अवैध कब्जा किया हुआ है,असमतावादीयो का डेरा हमेशा वहां बना रहता है। अतः महू भीम जन्म भूमि व




दीक्षा भूमि बोधिसत्व डा. बाबा साहेब पौत्र डा.भीमराव यशवंत राव आंबेडकर साहेब/दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया को सौपकर भीम अनुयायियों को न्याय प्रदाय करें,इस आंदोलन में संस्था के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता समाज के धम्मबंधु व बाबा साहेब आंबेडकर जी की विचारधारा मानने वाले सामाजिक संगठन एवं अनुयायीयो से शामिल होकर तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील संस्था के जिलाध्यक्ष एस.एल.रंगारे, प्रदेश कार्यालय सचिव राजकपूर कामडे, जिला उपाध्यक्ष खुशीयाल मेश्राम, देवानंद रंगारे, सचिव एन.के.मेश्राम कांटेक्टर, अशोक कुमार मेश्राम व संपूर्ण जिला शाखा द्वारा दी गई।विदित हो कि दिनांक 22/09/2025 को दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया(मीराताई आंबेडकर),बालाघाट जिला बौद्ध संघ(रजिस्टर),सभी समान विचार धारा के सामाजिक संगठन एवं सभी बौद्ध आंबेडकर अनुयाई यो के सहयोग से महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के प्रणेता क्रांतिकारी पूज्य भंते विनायाचार्य जी का जन संवाद एवं धम्म ध्वज रैली का आयोजन किया गया,दिनांक 22 सितंबर 2025 को बालाघाट मुख्यालय में पूज्य भंते विनायाचार्य जी का आगमन हो रहा है।

## अवैध रेत परिवहन पर उड़नदस्ता दल द्वारा की गई जब्ती की कार्यवाही

# रेत का परिवहन करते 1 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

वन विभाग में अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत मुख्य वन संरक्षक बालाघाट गौरव चौधरी (भा.व.से.) के मार्गदर्शन में उड़नदस्ता दल प्रभारी अजय चौरे के निर्देशन में उड़नदस्ता दल बालाघाट द्वारा पश्चिम बैहर (सा.) के अंतर्गत बघोली बीट के कक्ष क्रमांक 1461 वन क्षेत्र में अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर कार्यवाही की गई। दिनांक 15.09.2025 रात्रि में उड़नदस्ता दल वन वृत्त बालाघाट को मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की पश्चिम बैहर (सा.) के अंतर्गत बघोली बीट के वन क्षेत्र से रेत का ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से अवैध रेत का परिवहन किये जाने की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुवे उड़नदस्ता दल द्वारा बघोली बीट के अंतर्गत पोंगारझोड़ी मार्ग पर कक्ष क्रमांक 1461 में रेत का परिवहन करते 01 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर कार्यवाही की गई।

पूछताछ में आरोपी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहा। आरोपी का नाम व पता अजय पुषाम, पिता कृपाल सिंह पुषाम, जाति गौड, ग्राम द्वीपुर, थाना परसवाड़ा। पंजीबद्ध वन अपराध प्रकरण 2664/21 दिनांक 15.09.2025, भारतीय वन अधिनियम 1927 के अंतर्गत कार्यवाही की गई। जब्त सामग्री एवं वाहन विवरण रेत 2.76 घ.मी., ट्रैक्टर-ट्रॉली 01, MP 50A-7285 (स्वराज रंग नीला) सराहनीय भूमिका राजेन्द्र कुमार महामें, का. उप व. क्षे.. राकेश कुमार सनोडिया का. वनपाल, सौरभ यादव, देवेन्द्र उके वन रक्षक, सम्भू यादव वाहन चालक उड़नदस्ता दल वन वृत्त बालाघाट एवं बीट गार्ड बधोली एवं परिक्षेत्र सहायक खुरमुडी का विशेष योगदान रहा।

# जनसुरक्षा के लिये फिर एक बार नपा ने प्रारंभ किया आवारा कुत्तों को पकडऩे का अभियान

### डॉग लवर्स को दी समझाईश, नपाध्यक्ष ने कहा- विरोध किया तो पुलिस की लेंगे मदद

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** आवारा कुत्तों के हिंसक प्रवृत्ति से लोगों को कांटने की घटनाओं के निरंतर बढऩे को लेकर नगरपालिका में शिकायतें अधिक आ रही थी, एक वर्ष पहले जब बधियाकरण एवं वैक्सीनेशन अभियान चलाया गया था तो डॉग लवर्स ने अनर्गल आरोप नपा पर लगाते हुए इसे रूकवा दिया था पुनः शहरवासियों की मांग पर वार्डो में नगरपालिका ने आवारा कुत्तों को पकडऩे तथा वैक्सीनेशन के साथ ही बधियाकरण करने का अभियान 15 सितंबर से प्रारंभ कर दिया है। इसे लेकर नपा सभागार में नगर के प्रबुधद्धजनों एवं आवारा कुत्तों की समस्या से पीड़ितों की समस्याओं को सुनने तथा अभियान के संबंध में जानकारी देने के लिये बैठक आहूत की गई थी जिसमें डॉग लवर्स भी सम्मिलित हुये। नपाध्यक्ष ने कहा कि शहरवासियों की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है और किसी के जीवन को संकट में नहीं डाला जा सकता है इसलिए अभियान जारी रहेगा और नियमों के तहत कार्यवाही की जायेगी। अगर डॉग लवर्स इस कदम का विरोध करते है तो फिर प्रशासनिक सहयोग से पुलिस की मदद लेकर अभियान को जारी रखा जायेगा।

नगरपालिका बालाघाट द्वारा आवारा कुत्तों को पकडऩे तथा सुरक्षित तरीके से उनके वैक्सीनेशन का अभियान 15 सितंबर से शुरू किया गया है, जिसके लिये स्वास्थ्य विभाग की टीम के माध्यम से 5 कर्मचारियों का दल बनाया गया है जो वार्डो में कुत्तों को पकडऩे का काम जारी रखेगा।

# महंत देवान सहीत अन्य लोगों पर लगे मंदिर से पैसे चोरकर जुआ खेलने का आरोप

**हरिभूमि न्यूज बैहर।**

बालाघाट जिले की बैहर तहसील में निवासरत कबीरपंथी समाज बैहर ने समाज के ही महंत और देवान का कार्य कर रहे लोगो पर कबीर मंदिर आश्रम बैहर से दान पेटी को तोड़फोड़ कर पैसे चोरी करके मंदिर में ही जुआ खेलने का आरोप लगाया है।

**यह है पूरा मामला:** कबीरपंथी समाज अपने सात्विक खानपान और जीव दया आत्म पूजा का अनुसरण करता है। जिसमें महंत देवान का एक विशेष महत्व रहता है, लेकिन कुछ दिन पुर्व कबीरपंथी समाज बैहर में घटी घटना से पूरा समाज स्तब्ध है। जानकारी अनुसार बता दे की कबीरपंथी समाज बैहर ने दिनांक 13 सितंबर 2025 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक बालाघाट को एक लिखित शिकायत देकर अवगत कराया है, की समाज के महंत का कार्य कर रहे अतीत दास संत और कटंगी निवासी अंतू दास मुरचूले व देवान अमृत दास भासंत सहित अन्य आधा दर्जन से अधिक लोगों पर मंदिर की दान पेटी को तोड़फोड़ करके पैसा चुराकर मंदिर मे ही जुआ खेलने के मामले को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई है। बताया जाता है, की अतीत दास संत मंदिर में बैठक कराने के नाम पर समिति से चाबी अपने कब्जे में लिया और लगभग 20 दिनों तक चाबी वापस नहीं दिया समिति के द्वारा मांगें जाने पर दो दिन बाद देता हूं चार दिन बाद देता हूं अभी तो महंतो की बैठक और कराना है कहकर चाबी देने से इंकार कर दिया, जिसको लेकर एक क्षेत्रीय बैठक भी रखी गई थी, बाद में ताला खोलकर देखा गया तो मंदिर में रखी दान पेटी, टूटी हुई पाई गई। व पूछे जाने पर समिति से ही अभद्रता कर सामाजिक कार्य में बाधा डालने का प्रयास करने लगे, एवं सोशल मीडिया में समिति के खिलाफ अपने साथियों के साथ संगठन बनाकर, अभद्र टिप्पणी कर खुद को ईमानदार बताने की कोशिश करने लगे। उक्त मामले को लेकर श्रीमान पुलिस अधीक्षक बालाघाट एवं पुलिस थाना बैहर से कबीरपंथी समाज बैहर उचित कार्यवाही की मांग किया है।





**समाज के 4 लाख 13 हजार का किया दुरुपयोग:** कबीरपंथी समाज बैहर के भूतपूर्व अध्यक्ष यशवंत बघेल दरियाव दास ने अपने कार्यकाल में महंत देवान के साथ मिलकर मात्र तीन साल के हिसाब में लगभग 4 लाख 13 हजार रुपए समाज का उठाकर दुरुपयोग किए जाने के मामले को लेकर दिनांक 12 जून 2025 को भी पुलिस थाना बैहर में लिखित शिकायत देकर कार्यवाही की मांग की गई थी, समाज के द्वारा बार बार अवगत कराने के बाद भी,आज दिनांक तक भूतपूर्व अध्यक्ष यशवंत बघेल दरियाव दास बैहर निवासी ने समाज में राशि जमा नहीं कराया , जिसको लेकर समाज जुआ खेले जाने का अंदेशा भी व्यक्त कर रही है। उक्त राशी जमा नहीं कराए जाने पर सामाजिक स्तर से कड़ी कार्यवाही किए जाने को लेकर समाज लामबंद की चेतावनी भी दिया है।

**कार्यवाही नहीं हुई तो धरने पर बैठेगा कबीरपंथी समाज बैहर:** चर्चा के दौरान कबीरपंथी समाज बैहर के अध्यक्ष आर राजा सोनवाने ने बताया की, महंत देवान सहित अन्य लोगों ने समाज में घृणित कार्य किया है, मंदिर की दानपेटी को तोड़कर मंदिर में ही जुआ खेलने का कृत्य महंत देवान पर बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह लगाता है, ऐसी ही हरकतों के चलते पूर्व में भी ऐसे महंतो के पंजा को निरस्त करने का आवेदन मुख्यालय स्तर पर दामाखेड़ा में दिया जा चुका है। सामाजिक और प्रशासनिक स्तर पर उचित कार्यवाही की मांग की गई है, यदि कार्यवाही नहीं होती तो कबीरपंथी समाज बैहर धरने पर बैठने के लिए लामबंद होगा, साथ ही समाज में अराजकता, असामाजिकता, समाज की महिलाओं से कच्ची शराब बिकवाना और इस तरह समाज की छवि धूमिल करने वाले महंत देवान का पंजा निरस्त करवाने के लिए विशाल रैली दामाखेड़ा तक जायेगी। तब तक के लिए कबीरपंथी समाज बैहर के अध्यक्ष श्री सोनवाने ने कबीरपंथी समाज से अपील की है की, जब तक दामाखेड़ा मुख्यालय से निष्पक्ष निर्णय नहीं आ जाता ,तब तक ऐसे आपराधिक कृत्य के आरोपी महंत देवान के हस्ते किसी भी प्रकार के चौका आरती का कार्यक्रम नहीं कराये जाने की अपील की है ।

# महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट में हिंदी सप्ताह का समापन समारोह का आयोजन गरिमामयपूर्वक हुआ

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट में हिंदी सप्ताह समापन समारोह का आयोजन गरिमामयपूर्वक किया गया । जहां सर्वप्रथम गुरुपरंपरा, महर्षि महेश योगी एवं मां सरस्वती को पुष्प अर्पित कर ,गुरुपूजन किया गया था साथ ही भावातीत ध्यान का सामूहिक अभ्यास किया गया। इस अवसर पर ब्रजेश हजारी, शिक्षाविद् एवं रंगकर्मी और श्रीमती माधुरी कटरे ब्रह्म अधिवक्ता एवं समाचार वाचिका मुख्य अतिथि एवं वाद विवाद प्रतियोगिता के निर्णायक स्वरूप उपस्थित रहे। विद्यालय कब प्राचार्य श्री सतीश कुमार चौरसिया और सहायक निदेशक श्री अमित यदुवंशी ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया, साथ ही संगीत शिक्षक श्री नितेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में बच्चो द्वारा देश भक्ति गीत की खूबसूरत प्रस्तुति दी गई ,और श्रीमती राजेश्वरी वाघे द्वारा तैयार दोहावली का दो बच्चो द्वारा सुमधुर पाठ किया ।इस समापन समारोह में अंतर सदनीय वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन दो श्रेणियों में किया प्रथम श्रेणी कक्षा छठवीं से आठवीं रही जिसका विषय अंग्रेजी भाषा के बढ़ते प्रभाव से हिंदी भाषा को खतरा है रहा तथा दूसरी श्रेणी कक्षा नवमी से बारहवीं रही जिसका विषय ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली पारंपरिक शिक्षा प्रणाली से बेहतर है ,रहा।दोनों ही श्रेणियों में प्रत्येक सदन से एक एक प्रतिभागी ने पक्ष एवं विपक्ष से आकर अपने तर्कों को रखा।साथ ही संस्था के वरिष्ठ शिक्षक श्री वासुदेव भूते ने सप्ताह भर चली गतिविधियों का विवरण देते हुए हिंदी की उपयोगिता एवं महत्व को बताया । श्री हजारी और श्रीमती ब्रह्म ने अपने संक्षिप्त अभिभाषण में बच्चों के शानदार तर्कों के लिए उन्हें बधाई प्रेषित की और अन्य सभी बच्चों के अनुशासित और धैर्य पूर्ण व्यवहार के लिए संस्था के प्राचार्य और सभी शिक्षकों को बधाई दी ।निर्णायकों के निर्णय अनुसार श्रेणी 1 में पक्ष में वेदिका चक्रवर्ती प्रथम तथा सार्थ लिलहारे द्वितीय वही विपक्ष में पावनी बिसेन प्रथम व भास्कर ठाकुर दूसरे स्थान पर रहे । श्रेणी 2 में पक्ष में अन्वेषा ज्योतिषी प्रथम,पूर्वी बाघरेचा द्वितीय और विपक्ष में ख्याति ठाकरे प्रथम व आयुष जेमी दूसरे स्थान पर रहे।प्राचार्य सतीश कुमार चौरसिया ने दोनों ही विद्वान निर्णायकों का अपना अमूल्य समय और मार्गदर्शन देने के लिए हृदय से धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम के शानदार आयोजन के लिए शिक्षकों की प्रशंसा की , अतिथियों को श्रीफल और संस्था के अध्यक्ष ब्रह्मचारी गिरीश द्वारा लिखित पुस्तक भेट की गई।कार्यक्रम का संचालन कक्षा दसवीं की छात्रा आध्या शर्मा ,वेदवी गौतम ने किया।

